# Govt. College Bahu, Jhajjar

## Report of NSS Activities (2021-22)

**दिनांक: 24.09.2021**

राजकीय महाविद्यालय बहु झज्जर में एन.एस.एस. के तत्वाधान में 24 सितंबर, 2021 को एन.एस.एस. दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इन प्रतियोगिताओं में स्वयं सेविकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

**दिनांक: 02.10.2021**

राजकीय महाविद्यालय बहू झज्जर की एन.एस.एस. इकाई की स्वयं सेविकाओं ने, गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान के तहत अपने गांव की गली-मोहल्ले में झाड़ू लगाकर, साफ- सफाई करके आस-पड़ोस व स्थानीय लोगों को सफाई से रहने का संदेश दिया। इसी कड़ी में महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया, जिसमें स्वयं सेविकाओं ने सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान दिया।

**दिनांक: 11.10.2021**

राजकीय महाविद्यालय बहु, झज्जर में दिनांक 11 अक्टूबर,2021 को एन.एस.एस.इकाई के तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़े को मनाते हुए स्वयं सेविकाओं ने गांव बहू में "स्वच्छता जागरूकता अभियान" पर स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली निकाली । इस रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, स्वयं सेविकाओं ने लोगों से अपने आस-पड़ोस में सफाई रखने की अपील की । साथ ही स्वयं सेविकाओं ने तंबाकू निषेध की भी शपथ ली।

**दिनांक: 14.10.2021**

राजकीय महाविद्यालय बहु, झज्जर में14 अक्टूबर, 2021को एन.एस.एस. व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में "तंबाकू मुक्त भारत" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक: **11.11.2021**

राजकीय महाविद्यालय बहू, झज्जर में एन.एस.एस. के तत्वाधान में 11नवंबर, 2021को "राष्ट्रीय शिक्षा दिवस " के अवसर पर "शिक्षा के महत्व" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक: **04.12.2021**

राजकीय महाविद्यालय बहू, झज्जर में "राष्ट्रीय सेवा योजना" के तत्वाधान में 4 दिसंबर, 2021 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने उत्साह के साथ महाविद्यालय परिसर की सफाई की।

दिनांक: **18.12.2021**

राजकीय महाविद्यालय बहू, झज्जर में "राष्ट्रीय सेवा योजना" के तत्वाधान में 18 दिसंबर, 2021 को एक दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण व खेल के मैदान की सफाई की।

दिनांक: **13.01.2022**

राजकीय महाविद्यालय बहू, झज्जर की "राष्ट्रीय सेवा योजना" की स्वयं सेविकाओं ने 13 जनवरी, 2022 को स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में "75 करोड़ सूर्य नमस्कार अभियान" में भाग लेकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। एन.एस.एस. प्रभारी प्रो० पूजा शर्मा ने कहा कि योग के माध्यम से हम स्वस्थ रह सकते हैं और स्वस्थ नागरिक ही अपने देश की सेवा कर सकता है।

दिनांक: **19.03.2022 - 25.03.2022**

राजकीय महाविद्यालय बहु में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 19.03.2022-25.03.2022 किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर की बेस्ट स्वयंसेविका बबली, व बेस्ट कैंप होल्डर दीपिका और मनीषा रही।

Pooja Sharma
N.S.S. P.O
Govt. College Bahu (Jhajjar)

28.3.2022
Principal
Govt. College, Bahu
Distt. Jhajjar (Hr.)